तमसो मा ज्योतिर्गमय

हिन्दवंशी

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com presents....

# मासिक प्रश्नोत्तर संग्रह

M-30 PDF सीरीज......

UPSC BPSC JPSC

एवं

अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी

तमसो मा ज्योतिर्गमय
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com

# Monthly Current Affairs Quiz

हिन्दवंशी

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com

# (V)-30

## दिसम्बर 2019

1. निम्नलिखित में से किस फुटबॉल खिलाड़ी ने बेलोन डिओर 2019 का पुरस्कार जीता है?

a. हैरी केन

b. लियोनेल मेसी

c. जिनेदिन जिदान

d. क्रिस्टियानो रोनाल्डो

# लियोनेल मेसी

अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने रिकॉर्ड छठी बार बेलोन डिओर का पुरस्कार अपने नाम किया जबकि अमेरिका की दिग्गज मेगन रेपिनो सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर चुनी गई हैं।

लियोनेल मेसी ने रोनाल्डो को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा बार बेलोन डिओर का खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

मेसी इस पुरस्कार को 6 बार जबकि रोनाल्डो इस पुरस्कार को 5 बार अपने नाम कर चुके हैं।

2. केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किस राज्य को दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया?

a. बिहार

b. तेलंगाना

c. मध्यप्रदेश

d. उत्तरप्रदेश

## उत्तरप्रदेश

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम पुरस्कार दिया गया।

सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

विभाग की वेबसाइट को सर्वोत्तम दिव्यांग हितैषी वेबसाइट और सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी को सर्वोत्तम जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

3. निम्नलिखित में किस देश को भारतीय प्रधानमंत्री ने भारत में निर्मित तटरक्षक जहाज 'कामयाब' को उपहार के तौर पर प्रदान किया?

a. जापान

b. मॉरीशस

c. मालदीव

d. बांग्लादेश

## मालदीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में निर्मित तटरक्षक जहाज ‘कामयाब’ को उपहार के तौर पर मालदीव को प्रदान किया।

भारत सरकार द्वारा उपहार में दिया गया यह गश्ती जहाज 'कामयाब' समुद्री सीमाओं की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की तुरंत सूचना प्रदान करेगा।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मालदीव में रुपे कार्ड को लॉन्च किया, राजधानी माले में एलईडी लाइट्स लगवाया तथा मछली प्रसंस्करण संयंत्रों को लॉन्च किया।

4. भारतीय रेलवे के द्वारा यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान के तहत किस रेलवे स्टेशन को देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' घोषित किया गया है?

a. अम्बाला कैंट जंक्शन

b. न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन

c. मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन

d. गाँधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन

# मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन

मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने प्रमाणित किया है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार उपलब्ध कराने के लिए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया, जो FSSAI द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ईट राइट इंडिया' अभियान का एक हिस्सा है।

5. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है?

a. सुनील शेट्टी

b. सन्नी देओल

c. रजनीकांत

d. मिथुन चक्रवर्ती

सुनील शेट्टी

सुनील शेट्टी को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

6. निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री ने दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया है?

a. क्यूबा

b. फिनलैंड

c. बेलारूस

d. न्यूजीलैंड

## फिनलैंड

फिनलैंड की सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने प्रधानमंत्री पद के लिए 34 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री सना मरीन को चुना।

इसके साथ ही 34 वर्षीय सना मारिन दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं हैं।

7. नेपाल में आयोजित 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में भारत ने कुल कितने पदक हासिल किए?

a. 146

b. 265

c. 312

d. 406

312

नेपाल में आयोजित 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में भारत ने 312 पदक हासिल किया, जिसमें 174 स्वर्ण, 93 रजत और 45 कांस्य पदक रहे।

भारत ने गुवाहाटी और शिलांग (2016) में हुए पिछले खेलों में 189 स्वर्ण सहित कुल 309 पदक जीते थे।

मेजबान नेपाल 206 पदकों के साथ दूसरे और श्रीलंका 251 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

8. आयरन यूनियन-12 नामक युद्धाभ्यास किन दो देशों के बीच आयोजित हुआ?

a. चीन पाकिस्तान

b. भारत इंडोनेशिया

c. श्रीलंका बांग्लादेश

d. संयुक्त अरब अमीरात अमेरिका

संयुक्त अरब अमीरात अमेरिका

संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के बीच आयरन यूनियन-12 नामक युद्धाभ्यास आयोजित हुआ।

आयरन यूनियन-12 युद्धाभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निपुणता विकसित करना है।

9. अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 2019 की थीम क्या है?

a. वीमेन एंड ह्यूमन राइट्स

b. स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स

c. नो वन शुड लेफ्ट बिहाइंड

d. ह्यूमन राइट्स एंड सिटीजेनशिप

## स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स

लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

10 दिसम्बर 1948 को सर्वराष्ट्रीय मानव अधिकार घोषणापत्र संयुक्त राष्ट्र महासभा में निर्विरोध स्वीकार किया गया था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 10 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

इस साल के मानवाधिकार दिवस की थीम 'स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स' (Stand Up For Human Rights) है।

10. वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) ने किस देश पर डोपिंग के आरोप में 4 साल का बैन लगा दिया है?

a. रूस

b. अमेरिका

c. जापान

d. पाकिस्तान

रूस

वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) ने रूस पर डोपिंग के आरोप में 4 साल का बैन लगा दिया है।

यह फैसला रूस की डोपिंग रोधी एजेंसी (रुसाडा) की प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान किए गए डाटा को अयोग्य करार दिए जाने के बाद लिया गया है।

इस फैसले के बाद से रूस का झंडा और राष्ट्रगान किसी भी बड़े खेल आयोजनों में नहीं होगा, हालांकि जो खिलाड़ी यह साबित करने में सफल रहेंगे कि वह डोपिंग में शामिल नहीं हैं वे तटस्थ झंडे तले खेलों में हिस्सा ले सकेंगे।

11. किस देश में आज़ादी हासिल करने के लिए हुए जनमत संग्रह में 'बोगनविले द्वीप' को एक अलग राष्ट्र बनाए जाने की घोषणा की गई है?

a. सेशल्स

b. न्यूजीलैंड

c. इंडोनेशिया

d. पापुआ न्यू गिनी

## पापुआ न्यू गिनी

'बोगनविले द्वीप' पापुआ न्यू गिनी से अलग होकर एक अलग राष्ट्र बन जाएगा।

पापुआ न्यू गिनी से आज़ादी हासिल करने के लिए हुए जनमत संग्रह में अलग देश के समर्थन में 98% (176,928) लोगों ने मतदान किया जबकि सिर्फ 2% लोगों ने पापुआ न्यू गिनी के साथ रहने के समर्थन में मत दिया।

10 साल तक बोगेनविले और पापुआ न्यू गिनी के बीच चले खूनी गृह युद्ध के सन् 1998 में खत्म होने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से ऐसा जनमत संग्रह कराए जाने का फैसला लिया था।

12. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निम्न में से किस शहर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की?

a. पटना

b. कानपुर

c. वाराणसी

d. कोलकाता

## कानपुर

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कानपुर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की।**

13. जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा प्रकाशित 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2020' में भारत ने कौन सा स्थान प्राप्त किया है?

a. 9वां

b. 19वां

c. 29वां

d. 39वां

9वां

जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा वार्षिक रूप से प्रकाशित 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2020' में भारत ने अपने रैंक में सुधार करते हुए 9वाँ स्थान हाशिल किया है।

यह रैंकिंग चार श्रेणियों 'ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन', ' नवीकरणीय ऊर्जा', 'ऊर्जा उपयोग' तथा 'जलवायु नीति' के अंतर्गत 14 संकेतकों पर देशों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर जारी की गई है।

इस सूचकांक में सबसे निम्न रैंकिंग वाले तीन देश संयुक्त राज्य अमेरिका (61), सऊदी अरब (60), तथा ताइवान (59) हैं।

14. निम्नलिखित में से किस राज्य ने 'JAGA' मिशन के लिए विश्व पर्यावास पुरस्कार (वर्ल्ड हैबिटेट अवार्ड) जीता है?

a. बिहार

b. ओड़िसा

c. तेलंगाना

d. छत्तीसगढ़

## ओड़िसा

ओडिशा सरकार ने अपनी महत्त्वाकांक्षी पहल 'JAGA' मिशन के लिए विश्व पर्यावास पुरस्कार (वर्ल्ड हैबिटेट अवार्ड) जीता है, जिसके तहत झुग्गियों में रहने वाले 52,682 शहरी गरीब परिवारों को 'भूमि अधिकार प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया है।

यह पुरस्कार दुनिया भर से अभिनव, उत्कृष्ट और क्रांतिकारी आवासीय विचारों, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की पहचान स्वरूप प्रदान किया जाता है।

15. निम्नलिखित में से किस लेखक को दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए 2019 का डीएससी पुरस्कार प्रदान किया गया है?

a. अंकुश विद्यार्थी

b. अमिताभ बागची

c. रविन्द्र नरेश सोनाटा

d. शिव प्रकाश नारायणन

## अमिताभ बागची

लेखक अमिताभ बागची को दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए 2019 का डीएससी पुरस्कार प्रदान किया गया।

बागची को यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'हाफ द नाइट इज गॉन' के लिए दिया गया है, जो तीन पीढ़ियों की कहानी बयां करती है, मानव संबंधों को तलाशती है और भारतीय परिप्रेक्ष्य में आस्था और संस्कृति को आपस में गुंथती है।

16. 2020 में 36वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (IGC) का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

a. स्पेन

b. भारत

c. ब्राजील

d. बांग्लादेश

भारत

भारत मार्च 2020 में 36वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (IGC) की मेजबानी करेगा।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाली इस कांग्रेस की थीम 'भू-विज्ञान : समावेशी विकास के लिए मूलभूत विज्ञान' है।

भू-विज्ञानों के ओलम्पिक के नाम से जाना जाने वाला यह प्रतिष्ठित वैश्विक भूवैज्ञानिक सम्मेलन चार वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है।

17. निम्नलिखित में से कौन बल्लेबाज टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पदार्पण पर शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं?

a. ऋषभ पंत

b. आबिद अली

c. जोस हैजलवुड

d. ओसादा फर्नान्डो

## आबिद अली

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पदार्पण पर शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

18. निम्नलिखित में से किस बॉलीवुड अभिनेत्री को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के द्वारा 26वें एनुअल क्रिस्टल अवॉर्ड से नवाजा गया है?

a. दिया मिर्जा

b. ऐश्वर्या राय

c. श्रिया सारन

d. दीपिका पादुकोण

# दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के द्वारा 26वें एनुअल क्रिस्टल अवॉर्ड से नवाजा गया है।

दीपिका को मेंटल हेल्थ अवेयरनेस को लेकर इस अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

19. भारतीय मूल के किस अमेरिकी नागरिक को अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) का निदेशक बनाया गया है?

a. गुलजार गोस्वामी

b. उस्ताद अहमद खान

c. सेतुरमण पंचनाथन

d. एच एस कस्तूरीरंगन

## सेतुरमण पंचनाथन

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सेतुरमण पंचनाथन को अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) का निदेशक बनाया गया है।

अमेरिकी सरकार की संस्था 'नेशनल साइंस फाउंडेशन' विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित सभी गैर-चिकित्सा क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य में मदद करती है।

20. किस देश ने महात्मा गांधी के विचारों और उद्धरणों से प्रेरित 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है?

a. ब्रिटेन

b. जापान

c. पुर्तगाल

d. दक्षिण अफ्रीका

# पुर्तगाल

पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अंतोनियो कोस्टा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को शाश्वत बनाए रखने हेतु उनके विचारों और उद्धरणों से प्रेरित ‘गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार’ आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है।

अंतोनियो कोस्टा के अनुसार ‘गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार’ सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित होगा।

21. फीफा ने किस देश को वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया है?

a. इंग्लैंड

b. पुर्तगाल

c. बेल्जियम

d. अर्जेंटीना

बेल्जियम

फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने बेल्जियम को लगातार दूसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया है।

22. मैनुएल मरेरो निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए हैं?

a. स्पेन

b. क्यूबा

c. पुर्तगाल

d. वेनेजुएला

## क्यूबा

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनल के प्रस्ताव पर पर्यटन मंत्री मैनुएल मरेरो क्यूबा के प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए।

मरेरो 43 वर्षों में पहली बार आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री का पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री बने हैं।

प्रधानमंत्री का पद साल 1976 में तत्कालीन क्रांतिकारी नेता फिदेल कास्त्रो ने खत्म कर दिया था।

हिन्दवंशी
HINDVANSHI

23. भारत के किस महापुरुष की जयंती को प्रति वर्ष किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है?

a. चौधरी चरण सिंह

b. जवाहरलाल नेहरु

c. लाल बहादुर शास्त्री

d. स्वामी सहजानंद सरस्वती

## चौधरी चरण सिंह

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को प्रति वर्ष किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहे थे।

अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसानों की दशा सुधारने के लिए कई नीतियां बनाईं थीं।

24. वैश्विक शरणार्थी मंच (Global Refugee Forum) की पहली बैठक का आयोजन कहाँ किया जाएगा?

a. जेनेवा

b. ब्रुसेल्स

c. संघाई

d. मुम्बई

जेनेवा

वैश्विक शरणार्थी मंच (Global Refugee Forum) की पहली बैठक का आयोजन स्विट्जरलैंड के जिनेवा में किया जाएगा।

25. निम्नलिखित में से किस टीम ने पहली बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग का खिताब जीता है?

a. पंजाब पैंथर्स

b. बॉम्बे बुलेट्स

c. गुजरात जाइंटस

d. ओड़िसा वारियर्स

## गुजरात जाइंटस

गुजरात जाइंटस ने पंजाब पैंथर्स को फाइनल में 4-3 से हराकर पहली बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग का खिताब जीता है।

26. निम्नलिखित में से कौन सा देश भारतीय औषधि कोष (फार्माकोपिया) को मान्यता प्रदान करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है?

a. फिजी

b. मॉरीशस

c. ब्रिटेन

d. अफगानिस्तान

## अफगानिस्तान

अफगानिस्तान ने भारतीय औषधि कोष (द इंडियन फार्माकोपिया) को औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की है।

अफगानिस्तान भारतीय औषधि कोष (फार्माकोपिया) को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

भारतीय औषधि कोष मान्यता प्राप्त शब्दकोष है जो दवाओं की पहचान, शुद्धता और शक्ति की दृष्टि से दवाओं को बनाने और विपणन के मानकों की जानकारी देता है।

27. उपभोक्ता आदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से हर साल किस दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है?

a. 15 सितम्बर

b. 16 अक्टूबर

c. 19 नवम्बर

d. 24 दिसम्बर

24 दिसम्बर

उपभोक्ता आदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से हर साल 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू हुआ था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 24 दिसम्बर को इसका आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष उपभोक्ता दिवस का विषय 'उपभोक्ता शिकायत और विवाद के समाधान की वैकल्पिक प्रणाली' है।

28. ट्रांसजेंडरों के लिए भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस राज्य में की जाएगी?

a. महाराष्ट्र

b. झारखंड

c. तमिलनाडु

d. उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिलनगर खंड में ट्रांसजेंडरों के लिए भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

29. भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 (India State of Forest Report, 2019) के अनुसार सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य निम्न में से कौन है?

a. झारखंड

b. नागालैंड

c. उत्तराखंड

d. मिजोरम

## मिजोरम

भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 (India State of Forest Report, 2019) जारी की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार मिजोरम (85.40%) सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य तथा मध्यप्रदेश (77482 वर्ग किलोमीटर) सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाला राज्य है।

30. सुशासन सूचकांक (Good Governance Index) 2019 के अनुसार बेहतर शासन-व्यवस्था के मामले में कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर है?

a. मणिपुर

b. महाराष्ट्र

c. तमिलनाडु

d. उत्तराखंड

तमिलनाडु

कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी सुशासन सूचकांक (Good Governance Index- GGI) के अनुसार बेहतर शासन-व्यवस्था के मामले में तमिलनाडु प्रथम जबकि महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

Source of material

hindvanshieducation.com

मासिक घटनाक्रम संग्रह

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com

तमसो मा ज्योतिर्गमय

हिन्दवंशी

HINDVANSHI

HindvanshiEducation.com